# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia


पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8199 / 2025 दिनांकः 19 मई,2025

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

**संयोजक–बोर्ड आफ स्टडीज (समस्त विषय),**
**जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,**
**बलिया।**

**विषयः–SWAYAM पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर में एकीकरण एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्याः 3329 / सत्तर–3–2024, दिनांकः 31 दिसम्बर, 2024 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के मध्य SWAYAM पाठ्यक्रमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने व अपनाने के लिये शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार तथा यू0जी0सी0 द्वारा जनवरी से मार्च 2025 के दौरान राज्य / क्षेत्रवार SWAYAM आउटरीच कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था।**

तद्नुक्रम में बोर्ड आफ स्टडीज (समस्त विषय) के संयोजकों से अनुरोध है कि विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में संचालित समस्त विषयों से सम्बन्धित **SWAYAM पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन पाठ्यक्रमों के द्वितीय चक्र (Second Cycle) में से न्यूनतम 02 सुसंगत पाठ्यक्रम, जो कम से कम 03 क्रेडिट के हों, का चयन करके सम्बन्धित संकायाध्यक्ष से अनुमोदित कराकर प्रत्येक दशा में दिनांकः 24 मई, 2025 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

**चूँकि प्रकरण शासन की प्राथमिकताओं में से एक है, जिस पर विशेष ध्यानाकर्षण अपेक्षित है।**

**संलग्नक– यथोक्त।**

भवदीय,

(एस०एल० पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. समस्त संकायाध्यक्ष, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. नोडल अधिकारी, SWAYAM पोर्टल, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया / सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।
04. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव


पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

महत्वपूर्ण

SWAYAM कार्यशाला दिनांक 09.01.2025

संख्या–3329/सत्तर–3–2024

प्रेषक,

शिपू गिरि,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3. अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 31 दिसम्बर, 2024

विषयः SWAYAM पाठ्यक्रमों के एकीकरण एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दिनांक 09.01.2025 को आयोजित होने वाली कार्यशाला विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषय सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या–1–1/2023 (SWAYAM), दिनांक 24.12.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के मध्य SWAYAM पाठ्यक्रमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने व अपनाने के लिये शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा यू0जी0सी0 द्वारा जनवरी से मार्च, 2025 के दौरान राज्य/क्षेत्रवार SWAYAM आउटरीच कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

2– उक्त के क्रम में दिनांक 09 जनवरी, 2025 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में यू0जी0सी0 द्वारा प्रश्नगत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्रेडिट संचय के लिये SWAYAM पाठ्यक्रम लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करना तथा विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध लचीलेपन व अन्तर्विषयीय अवसरों को बढ़ावा देना है। उक्त कार्यशाला में समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण एवं SWAYAM हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर नामित समस्त नोडल अधिकारीगण सम्मिलित होंगे। प्रश्नगत कार्यशाला का मिनट–टू–मिनट कार्यक्रम पत्र के साथ संलग्न है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया दिनांक 09 जनवरी, 2025 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आहूत प्रश्नगत कार्यशाला में सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(शिपू गिरि)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया प्रश्नगत कार्यशाला में सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

2- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

3- निजी सचिव, विशेष सचिव (श्री गिरि), उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

4- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया प्रश्नगत कार्यशाला में सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने हेतु समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

5- प्रो0 दिनेश चन्द्र शर्मा, कु0 मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर।

6- उप निदेशक/उप निदेशक (तकनीकी), रूसा, लखनऊ।

7- प्राचार्यगण, समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा)।

आज्ञा से,

/

(एस0पी0 मिश्र)

उप सचिव।

संख्या 3329 / सत्तर-3-2024

आचार्य मनिष र. जोशी
सचिव
Prof. Manish R. Joshi
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

F.No.1-1/2023(SWAYAM) 24th December 2024 / 3 पौष, 1946

Subject: Invitation to attend the **one-day SWAYAM outreach workshop on "Integration and Implementation of SWAYAM courses in universities and their affiliated colleges" for the states "Uttar Pradesh , Haryana and Delhi".**

आदरणीय महोदया/महोदय,

As you are aware, MoE and UGC organised state-wise virtual SWAYAM Outreach and Awareness programmes during October to November 2023 and April to May 2024. In alignment with our ongoing efforts to enhance the awareness and adoption of SWAYAM courses among universities and colleges; the MoE and UGC are organising a series of region-wise SWAYAM Outreach workshops during **January to March 2025**.

These workshops aim to increase the number of students taking SWAYAM Courses for credit accumulation and promoting the flexibility and interdisciplinary opportunities available to students. UGC has also notified the Framework for Universities to conduct Examinations for SWAYAM Courses (UGC's letter D.O.F.No.1-8/2017(SWAYAM) dated 27th August 2024) to enhance student flexibility with respect to SWAYAM Examination.

**You are cordially invited to attend and address the participants at the workshop scheduled to be held at "Banaras Hindu University", Varanasi, Uttar Pradesh on 9th January, 2025.** The invitees include Vice Chancellors of Universities, heads of State Higher Education Councils , Secretary / Commissioner of Higher Education , Principals of Colleges and University Nodal Officer(Local Chapters) for SWAYAM **from the states of Uttar Pradesh , Haryana and Delhi.**

The minute-to-minute workshop programme is attached.

Your presence and insights will greatly contribute to the success of this workshop.

Kindly confirm your presence.

भवदीय,

(मनिष जोशी)

संलग्नक: उपरोक्तानुसार

To,
1. The Secretary / Commissioner , Department of Higher Education of the state **(Uttar Pradesh , Haryana and Delhi)**
2. The Heads of State Higher Education Councils of the state **(Uttar Pradesh , Haryana and Delhi)**

(एम० पी० अग्रवाल)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा, नागरिक सुरक्षा,
राजनैतिक पेंशन एवं सहकारिता विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

(शिपू गिरि)
विशेष सचिव
उच्च शिक्षा विभाग

आचार्य मनिष र. जोशी
सचिव
Prof. Manish R. Joshi
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

फा.सं.1-1/2023 (स्वयं) 24th December 2024 / 3 पौष, 1946

**विषय: दिल्ली, हरियाणा , उत्तर प्रदेश राज्यों के विश्वविद्यालयों और उनके संबद्ध महाविद्यालयों में "स्वयं पाठ्यक्रमों के एकीकरण और कार्यान्वियन" पर एक दिवसीय स्वयं आउटरीच कार्यशाला में सहभागिता करने के लिए आमंत्रण।**

आदरणीय महोदया/महोदय,

जैसा कि आप जानते हैं, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अक्टूबर से नवंबर 2023 और अप्रैल से मई 2024 के दौरान राज्यवार वर्चुअल स्वयं आउटरीच और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के बीच स्वयं पाठ्यक्रमों के बारे में जागरुकता और उसके अंगीकरण को बढ़ाने के हमारे वर्तमान प्रयासों के क्रम में; शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जनवरी से मार्च 2025 के दौरान क्षेत्रवार स्वयं आउटरीच कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित करने जा रहे हैं।

इन कार्यशालाओं का लक्ष्य क्रेडिट संचय के लिए स्वयं पाठ्यक्रमों की पढ़ाई करने हेतु छात्रों की संख्या को बढ़ाना तथा छात्रों के लिए उपलब्ध लचीले एवं अंतर-विषयक अवसरों को बढ़ावा देना है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने स्वयं पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा आयोजित करने हेतु विश्वविद्यालयों के लिए फ्रेमवर्क को भी अधिसूचित किया है (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का पत्र अ.शा. फा. सं.1-8/2017 (स्वयं) दिनांक 27 अगस्त 2024) ताकि स्वयं परीक्षा के संबंध में छात्रों की लोचनीयता बढ़ाई जा सके।

बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002 | Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
दूरभाष (Ph.): 011-23236288/23239337 | सम्पर्क सूत्र (ई-मेल) (E-mail) : secy.ugc@nic.in

CONTINUATION SHEET

आप कार्यशाला में सहभागिता करने और प्रतिभागियों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित हैं जिसे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश में दिनांक 9 जनवरी , 2025 को आयोजित किया जाना है।

आमंत्रित व्यक्तियों में दिल्ली, हरियाणा , उत्तर प्रदेश राज्यों से विश्वविद्यालयों के कुलपति, राज्य उच्च शिक्षा परिषदों के प्रमुख, राज्य उच्च शिक्षा के सचिव/आयुक्त, महाविद्यालयों के प्राचार्य और स्वयं के लिए विश्वविद्यालय नोडल अधिकारी शामिल हैं।

मिनट-दर-मिनट कार्यशाला कार्यक्रम संलग्न है।

आपकी उपस्थिति और अंतदृष्टियां इस कार्यशाला को सफल बनाने में योगदान देंगी।

कृपया अपनी उपस्थिति की पुष्टि दें।

सादर,

भवदीय,

(मनिष जोशी)

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में,

1. दिल्ली, हरियाणा , उत्तर प्रदेश राज्य के सचिव/आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग।

2. दिल्ली, हरियाणा , उत्तर प्रदेश राज्य के उच्च शिक्षा परिषदों के प्रमुख।